16	Travelling Expenses of Council & Committee Members	1,47,737 (1,38,984)	25,748 (17,365)	8,403 (9,577)	44,209 (44,819)	5,139 (2,405)	35.951 (40,436)	28,287 (24,382)
17	Other Travelling Expenses	55,422 (40,995)	5,878 (3,022)	..	9,825 (4,921)	3,215 (550)	31,763 (26,273)	4,741 (6,229)
18	Professional Fees	59,070 (19,942)	31,892 (3,144)	1,950 (1,900)	1,397 (1,314)	1,218 (857)	14,754 (4,536)	7,859 (8,191)

Serial No.	Heads of Accounts	Members			Students			
		Total 1971-72	Membership & General Administration	Regional Council	Professional Development & Research	Journal	Students Activities & Examinations	Coaching Board
		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	
19	Conference, Seminar, etc.	.. (21,248)			.. (21,248)			
20	Election	.. (46,880)	.. (46,880)					
21	Miscellaneous	1,74,638 (2,08,396)	11,705 (13,275)	48,152 (42,008)	12,497 (30,752)	15,263 (26,695)	22,971 (23,720)	64,050 (71,946)
22	TOTAL	38,57,018 (33,77,402)	4,18,150 (3,54,348)	4,30,784 (3,89,937)	2,32,330 (2,53,043)	3,63,413 (2,56,180)	11,18,333 (9,25,238)	12,94,008 (11,98,656)

NOTE NO. I

Schedule of Fees : 1971-72

	1971-72		1970-71	
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
1. MEMBERSHIP ADMINISTRATION				
(a) Associate Membership	1,50,606		1,36,530	
(b) Fellow Membership	2,67,691		2,45,718	
(c) Associate Certificate of Practice	2,36,500		2,16,950	
(d) Fellow Certificate of Practice	1,68,750	8,23,547	1,54,000	7,53,198
2. REGIONAL COUNCIL		1,19,443		1,10,463
3. POST-GRADUATE EXAMINATION		8,550		10,300
4. JOURNAL:				
Membership fees allocated to Subscription for Journal		1,20,340		1,09,510
5. STUDENTS & EXAMINATION:				
(a) Examination Fees	9,60,050		8,05,195	
(b) *Students:*				
(i) Article Clerks Registration	1,43,450		1,26,880	
(ii) Audit Clerks Registration	43,440		35,610	
(iii) Students Association Fee	11,381	11,58,321	11,880	9,79,565
6. COACHING BOARD		11,27,999		9,54,417
TOTAL		33,58,200		29,17,453

S.R. SIRCAR, *Asstt. Secretary*
C. BALAKRISHNAN, *Secretary*
R. K. KHANNA, *Vice-President*
A. B. TANDAN. *President*

P. R. MEHRA.
M. R. VENKATARAMAN, Chartered Accountants

C. BALAKRISHNAN *Secy.*

दि इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया

अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 सितम्बर, 1972

सं० 48 सी ए/(1)72—चार्टर्ड एकाउन्टेंडस एक्ट 1949 के भाग 18 के उपभाग (5) के अनुसरण में, 31 मार्च, 1972 को समाप्त हुए वर्ष के लिये कौसिल की रिपोर्ट एवं आडिट किये हुए लेखे की प्रतिलिपि सामान्य सूचना के लिये एसद्द्वारा प्रकाशित की जाती है।

सी० बालकृष्णन्, सचिव।

31 मार्च, 1972 को समाप्त हुए वर्ष के लिये कौसिल की तेइसवी वार्षिक रिपोर्ट

कौसिल को चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस एक्ट 1949 की धारा 18 (5) की व्यवस्थाओ के अनुरुप 31 मार्च, 1972 को समाप्त हुए वर्ष के लिये अपनी 23 वी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता है।

1 कौसिल

1. कौसिल के सदस्य और इसकी विभिन्न समितिया

जैसा कि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स एक्ट की धारा 9 मे व्यवस्था है, आठवा कौसिल 17 सितम्बर, 1970 को आंशिक रूप से चुनाव द्वारा और आंशिक रूप से केन्द्रीय सरकार द्वारा नामाकन से गठित की गई, कौसिल तथा चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स एक्ट की धारा 17 के अन्तर्गत गठित उसकी विभिन्न स्थाई और अन्य समितियों के सदस्यों के नाम क्रमशः परिशिष्ट 1 और 2 में दिये गये है।

2 अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

श्री ए० बी० टंडन (कानपुर) जो कि पिछले वर्ष उपाध्यक्ष थे, कौसिल द्वारा 11, 12 और 13 अक्तूबर, 1971 को हुई अपनी बैठक में अध्यक्ष चुने गये उसी बैठक में श्री आर० के० खन्ना (नई दिल्ली) उपाध्यक्ष चुने गये।

3. कौसिल और समिति की बठके

वर्ष के दौरान, कौसिल की तीन बैठकें हुई पहली 19 जुलाई, 1971 को, दूसरी 11,12 और 13 अक्तूबर, 1971 को और तीसरी 16, 17 और 18 मार्च 1972 को विभिन्न समितियों द्वारा हुई बैठको के विवरण परिशिष्ट 3 में दिये गये है।

2 वित्त

1 एकाउन्टस – 31 मार्च, 1972 तक की बैलैन्स शीट और उस दिन समाप्त हुए वर्ष के लिये आडिट किये हुए आय और व्यय लेखे इस रिपोर्ट के अन्त मे दिये गये है वर्ष का आय और व्यय लेखा रु 80 12 / की आय से अधिक व्यय दिखाता है, जबकि पिछले वर्ष मे यह राशि रुपये (-) 14/- थी इन एकाउन्टो मे क्षेत्रीय कौंसिलो, स्टडेन्ट एसोसियेशन और उनकी शाखाओं के एकाउन्ट सम्मिलित है।

2 आडीटर सर्वश्री पी० आर० नेहरा और एम० आर० बैक्टारमन, 31 मार्च 1972 को समाप्त हुए वर्ष के लिये भी इस्टीटयूट के एकाउन्टो के लिये आडीटर रहे।

3 व्यवसायिक मामले

1. व्यवसायिक विकास

(क) सदस्यो की समस्याओं का अध्ययन

पिछले अनेक वर्षों के दौरान, कौंसिल प्रैक्टिस कर रहे और रोजगार प्राप्त सदस्यो से सबधित समस्याओं से निपटने का प्रयत्न कर रही है, ताकि व्यवसायिक कार्य का अनवरत प्रवाह प्राप्त करने, व्यवसायिक कार्य के नये स्त्रोत खोजने, सदस्यो के लिये रोजगार अवसरो मे वृद्धि करने और उनमे सतुष्टि और इस्टीटयुट से लगाव की भावना उत्पन्न करने का कार्य किया जा सके। कौंसिल व्यवसाय की सार्वजनिक प्रतिष्ठा मे वृद्धि करने, सदस्यो की तकनीकी क्षमता मे वृद्धि करने, व्यवसायिक व्यवहार के कठिनतर स्तर लागू करने के बारे मे निरन्तर कदम उठा रही है, ताकि चार्टर्ड एकाउन्टेट के प्रमाण पत्र को उपादेयता में जन विश्वास मे वृद्धि की जा सके। समय समय पर आडिट कार्य की "एकाग्रता" और व्यवसाय की "स्वतत्रता" के बारे मे समाचार पत्रो और साथ ही ससद मे भी प्रश्न उठाये गये है। कौंसिल का यह पक्का विचार है कि व्यवसाय अपनी समस्याओं का समाधान करने मे पूर्ण सक्षम है और व्यवसाय के मामलो में किसी भी बाह्य हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नही है। कौंसिल यह चाहे कि सदस्यों द्वारा आपस में और उनकी प्रतिनिधि संस्था – कौंसिल के बीच विचार विमर्श में वृद्धि की जाए ताकि व्यवसाय के समाने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिये तरीके और साधनों को खोंज की जा सके।

कौंसिल, समस्याओं के प्रति सब तरह से जागरूक और चेतन है जिनका कि सदस्य सामना करते रहे है या कर रहे है अपनी श्रेष्ठतम योग्यता द्वारा, यह न केवल विद्यमान व्यवसाय का कार्य का साम्यिक वितरण करने के ताजा साधनों और साथ ही रोजगार की प्राप्ति के प्रयास भी कर रही है, समय समय पर कौंसिल द्वारा सरकार को व्यवसायिक काय के क्षेत्र विस्तार, जैसे कि सहकारी समितियों का आडिट, सस्थाओं का आडिट, एक निश्चित आकार से ऊपर की साझेदारो का आडिट, शाखा आडिट आदि के लिये विभिन्न सुझाव दिये गये हैं।

सदस्यों को याद होगा कि कौंसिल द्वारा दिसम्बर 70 में हुई उसकी बैठक में कुछ स्वयं चालित उपा ो की सिफारिश की गई थी, जिनका अनुसरण व्यवसाय के सदस्यों द्वारा स्वेच्छा के आधार पर करना था।

स्थिति की तुरन्त आवश्यकताओं की पूर्ति पर ध्यान देते हुए और युवा सदस्यों की समस्याओं को हलका करने के लिए कौंसिल ने अब यह निश्चय किया है कि स्वयं चालित उपायों को अनिवार्य कर दिया जाए और सरकार से निवेदन किया जाए कि चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस एक्ट और/अथवा चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस रेगुलेशनों में इस प्रकार संसोधन किया जाए, जैसा कि अपेक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक हो "व्यवसाय के सामने आने वाली समस्याओं का आंकना एक निरन्तर प्रक्रिया है और कौंसिल समय समय पर उस पर पुन विचार करती रही है। हाल ही में कौंसिल ने इंस्टीट्यूट के समस्त सदस्यों को एक प्रश्नावली जारी की थी ताकि व्यवसाय के सदस्यों विशेषकर कनिष्ठ सदस्यों को विभिन्न समस्यायों पर उनके विचारों पर विचार किया जा सके क्षेत्रीय कौंसिलों से निवेदन किया गया है कि वे अपने क्षत्रों में शीघ्रतानुसार सदस्यों की बैठकों में समस्या पर विचार विमर्श करें और निम्नलिखित के बारे में और किसी अन्य बात पर, जोकि आवश्यक समझी जाए अपने विचार और सुझाव भेंजे :

1. आडिट में तथा कथित एकाधिकार और तथा कथित एकाग्रस्त को हटाना।
2. आडिटों की संख्या पर सीलिंग
3. निश्चित अतंरालों पर आडिटरों का रोटेशन।
4. आडिट का राष्ट्रीयकरण जिसका तात्पर्य है कि आडिटरों की नियुक्ति करने की शक्ति एक केन्द्रित एजेन्सी में निहित होनी चाहिए।
5. व्यवसायिक कार्य के नए साधनों और सदस्यों के लिए रोजगार की खोज।

कौंसिल ने स्टाक एक्सचेंज जिससे सूचना प्राप्त करने का भी निर्णय लिया है ताकि आडिट कार्य का कुछ फर्मों के हाथों में 'एकाग्रता' की सीमा और प्रकृति का निश्चय किया जा सके। इन जांचों के परिणाम स्वरूप कौंसिल के खोज कार्यों को शीघ्र ही अन्तिम रूप दिया जायगा।"

(ख) इंटर्नल आडिटिंग की उपयोगिता

कौंसिल ने, व्यवसायिक अवसरो को और अधिक बढ़ाने के प्रयासो में तथा सदस्यों के लिए रोजगार के नए साधन खोलने के लिए "व्हाई डोंट यू काल हिम" नामक बुकलेट जारी की है ताकि इंटर्नल आडिट का प्रचार हो और औद्योगिक कार्यालयों पर इस बात का प्रभाव पड़े कि वे चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों की विशेष सेवाओं का इंटर्नल आडीटरों के रूप में उपभोग करें।

अब सदस्यो को इंटर्नल आडिटिंग की विभिन्न तकनीकी में इंटर्नल आडिटरो के ग्रुप की सहायता से, उच्च प्रशिक्षण देने के लिए सेमिनार/परिसंवाद आयोजित करने के प्रयास किए जायेंगे :

(ग) सीजेंदरी फर्मों के आडिट को अनिवार्य करने के लिए प्रतिवेदन

जैसा कि पिछली रिपोर्ट में बताया गया था, कौंसिल ने कम्पनी कार्य विभाग और विधि मंत्रालय को प्रतिवेदन करते हुए सुझाव दिया है कि एक निश्चित आकार से ऊपर की साझेदारी फर्मों के आडिट को अनिवार्य बनाने के बारे में साझेदारी एक्ट में संशोधन किया जाए इस मामले पर संघ सरकार द्वारा ध्यान दिया जा रहा है।

(घ) आडिट को उद्योग-अनुसार तकनीकी गाइडें

जैसाकि पहले रिपोर्ट दी गयी है, आडिटिंग के क्षेत्र में सदस्यों का ज्ञान मजबूत करने के लिए और आडिट तकनीकों में नवीनतम विकास पर उनका ज्ञान अद्यतन रखने के लिए, कौंसिल ने कुछ मुख्य उद्योगों के लिए आडिट को उद्योग-अनुसार गाइडों के तैयार करने के कार्य का सूत्रपात कर दिया है सीमेन्ट उद्योग के आडिट के लिए तकनीकि गाइड बहुत शीघ्र ही पूर्ण हो जाने की आशा है, अन्य उद्योगों के लिए भी इसी प्रकार की गाइडें तैयार करने के प्रयत्न किये जा रहे हैं।

(च) चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों के कार्यालयों का संगठन

चार्टर्ड एकाउन्टेंटों के कार्यालयों के संगठन का अध्ययन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य आफिस का बनाए रखना, आफिस मेनुअलों का पालन संयत्र आदि के संबंध में सिफारिस करना है, इस प्रोजैक्ट पर वर्ष के दौरान विभिन कारणों से, कोई उल्लेनीय प्रगति नहीं है लेकिन यह आशा की जाती है कि कार्य बहुत शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा।

(छ) आडिट रिपोर्ट के फार्म

जैसा कि पहले बताया गया है, आडिट रिपोर्ट और प्रमाणपत्रों के विभिन्न फार्मों जिन्हें कि चार्टर्ड एकाउन्टेंटो की अपने व्यावसायिक कार्य के दौरान हस्ताक्षरित और प्रमाणित करना पड़ता है, की जाच की जा रही है और, यथा समय सम्बन्धित अधिकारियों से सपर्क किया जाएगा जिससे कि आवश्कतानुसार रिपोर्ट और प्रमाणपत्रों के फार्मों का रूपान्तरण या पुनरीक्षण किया जाए ताकि उपस्थित कठिनाइयों को दूर किया जा सके यहां फिर विभिन्न कारणों से बहुत संतोषजनक प्रगति नहीं हुई है, लेकिन अब प्रोजेक्ट को शीघ्र पूर्ति के लिए प्रयास किए जा रहे है।

(ज) प्रबन्ध सलाहकार सेवाएं

कौंसिल उन तरीकों और साधनो पर सक्रियतापूर्वक विचार कर रही है ताकि सदस्यो का मार्ग दर्शन किया जा सके और प्रबंध सलाहकार सेवाओं को पूण श्रृखंला प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक स्थिति प्रस्तुत की जा सके। हमारे जो सदस्य दूसरे अनुशासनों के सदस्यों के साथ सहयोग द्वारा प्रबंध सलाहकार सेवाएं देने और साथ ही सगठन को बनाने जिसके माध्यम से इस प्रकार के प्रबंध को आशा दी जा सकती है, उस बारे में कानूनी, नैतिक तथा अन्य संबंधित बातों की जांच की जा रही है। इंस्टीट्यूट के सदस्यों द्वारा दी जाने वाली प्रबंध सलाहकार सेवाओं के संबंध में प्रस्तावित छूटों और शर्तों का एक विवरणात्मक मसौदा इन्स्टीट्यूट के जनरल मेंप्रकाशित किया गया है। कौंसिल शीघ्र ही इस विषय में अपने विचारों के अन्तिम रूप देगी।

(झ) आडीटरों को 'अन्य सेवाओं' के लिए भुगतान

हाल ही में, आडीटरों को 'अन्य सेवाओं' के लिए भुगतान के संबंध में कुछ मिथ्या धारणाएं, कम्पनी बैठकों में शेयरहोल्डरों द्वारा और वित्तीय समाचार पत्रों में भी कुछ लेखों और पत्रों द्वारा अभिव्यक्त की गई हैं, संसद में भी प्रश्न पूछे गए हैं और ऐसे भुगतानों की वास्तविक प्रकृति के बारे में भय व्यर्थ किया गया है कि क्या उनमें प्रबंधकों द्वारा आडीटरों को गूढ़ कारणों के लिए कुछ अवैध परितुष्टि भी आती है।

मामले में सार्वजनिक रूप मे मिथ्या धारणाओं और गलतफहमियों के विचार से कौसिल ने यह आवश्यक समझा कि इसको स्पष्ट किया जाए और इस संबंध में अधिकारिक स्थिति बताई जाए। इसलिए कौंसिल ने वित्तीय समाचार पत्रों और दूसरे स्थानों पर उचित टिप्पणी प्रकाशित करने का निश्चय किया ताकि आडीटरों के विरुद्ध गैर जानकार आलोचना का खंडन किया जा सके।

इंस्टीट्यूट के जनरल के नवम्बर 1971 के अंक में प्रकाशित एक टिप्पणी में कौसिल ने वर्गीकरण करते हुए बताया है कि आडीटरों को कोई अवैध परितुष्टि के भुगतान का कोई भी प्रश्न नहीं है। एकाउन्टैंसी व्यवसाय के सदस्य जो कि आडीटरों के रूप में कोई कार्य करते हे वे लोग जिनमें व्यवसायिक व्यवहार का उच्च स्तर बनाए रखने की आशा की जाती है और जो रखते भी हैं। अन्य सेवाओं के लिए भुगतान, जिनका सांविधिक रूप से कम्पनी के प्रकाशित खातों में बताया जाना वांछित है, यह बताते हैं कि भुगतान कम्पनी को आडीटरों द्वारा दी गई उन सेवाओं के लिए एकदम वैध भुगतान है जिनकी कम्पनी को आवश्यकता थी और जिनमें कम्पनी ने लाभ उठाया है और शेयर होल्डरो को लागत के अनुपात में बहुत अधिक लाभ पहुंचा है।

कौंसिल ने सदस्यों को इस बात की भी सिफारिश की है कि उनको दिया जाने वाला शुल्क उनके द्वारा आडिट की गई कम्पनियों के लाभ हानि खातों में निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत बताया जाना चाहिए, ताकि शेयर होल्डरों और खातो का अध्ययन करने वाले दूसरे व्यक्तियों को परिशुद्ध और सही जानकारी दी जा सके।

(1) आडिट शुल्क
(2) कर का प्रतिनिधित्व करने के लिए शुल्क
(3) कम्पनी कानून मामलों के लिए शुल्क
(4) प्रबंध सेवाओं के लिए शुल्क
(5) इंटर्नल आडिटिंग के लिए शुल्क
(6) आडीटरों को खर्चों की प्रतिपूर्ति
(7) अन्य सेवाएं

(त) राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओं के आडिट का विस्तृत फैलाव

रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुसार, यह समझा जाता है कि रिजर्व बैंक चाहता है कि शाखा आडिटरों के बीच शाखा आडिट का वितरण, जहां तक व्यवहारिक रूप से हो सके, क्षेत्रीय, विस्तृत और स्थानीय हो।

इस संबंध में अध्यक्ष ने उपाध्यक्ष और सचिव के साथ रिजर्व बैंक आफ इंडिया के डिप्टी गर्वनर डा० आर० के० हजारी के साथ 4 दिसम्बर, 1971 को एक बैठक हुई और उन्होंने राष्ट्रीयकृत बैंकों और उनकी शाखाओं में आडीटरों की नियुक्ति से सम्बन्धित नीति पर विचार विमर्श किया।

डा० हजारी से यह जान कर प्रसन्नता हुई कि आने वाले वर्ष में इस कार्य के लिए रखे गए आडीटरों की संख्या पिछले वर्ष में विद्यमान संख्या के दुगने से भी अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सामान्य नीति यह होगी कि सर्वाधिक आडीटरों की नियुक्ति चार से पांच वर्ष तक की अवधि के लिए जारी रहेगी और सर्वाधिक आडीटरों से इस बात की अपेक्षा नहीं की जाएगी कि वे शाखाओं के 1/3 भाग से अधिक का आडिट करें। उन्होंने यह भी बताया कि यह देखने के प्रयत्न किए जा रहे है कि

बैंकों की शाखाएं स्थानीय आडीटरों द्वारा आडिट की जाएं और हालांकि, वितरण को जहां तक संभव है, विस्तृत बनाए जाने के सभी प्रयत्न किए जाएंगे, फिर भी गुण को बनाए रखने के महत्व को देखते हुए, यह आवश्यक हो जाता है कि सावधानीपूर्वक कार्रवाई की जाए। डा० हजारी ने स्पष्ट किया कि साझेदार फर्मों के साथ-साथ प्रोपाइटरी फर्मों को भी बैंकों की शाखाओं का आडिट कार्य सौंपा जा रहा है।

रिजर्व बैंक अधिकारियों द्वारा बनाया गया रास्ता एक प्रकार से एकदम वास्तविक है और उसकी प्रशंसा की जानी चाहिए।

(थ) भारत में एकाउन्टैन्सी व्यवसाय का भविष्य

सदस्य जानते हैं कि कौंसिल ने भारत में एकाउन्टैन्सी व्यवसाय के भविष्य पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों और निष्कर्षों को स्वीकार कर लिया था। यह समिति इंस्टीट्यूट के प्रथम अध्यक्ष श्री जी० पी० कपाडिया की अध्यक्षता में बनी थी। रिपोर्ट 26 अगस्त, 1967 को इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस आफ इंडिया और इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एंड वर्क्स एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया की कौंसिल को प्रस्तुत की गई थी और यह तथ्य कि भारत सरकार से इसकी सिफारिशों को अमल में लाने का निवेदन किया गया था, जिसमें दोनों इंस्टीट्यूटों को संयुक्त करने की सिफारिश भी सम्मिलित है।

हाल ही में, भारत सरकार से एक संदर्भ प्राप्त होने पर कौंसिल ने प्रतिवाद किया है कि वह इस संयुक्त समिति की रिपोर्ट को मानती है, जिनकी पहले ही, भारत सरकार को, मान लेने और समता में लाने के लिए सिफारिश की जा चुकी है।

2. अनुसंधान

वर्ष के दौरान, अनुसंधान समिति इंस्टीट्यूट के निम्नलिखित अनुसंधान कार्यकलापों में सक्रियता-पूर्वक लगी रही।

(क) निम्नलिखित प्रकाशनों का प्रकाशन हुआ

कम्पनीज एक्ट–1956 के अन्तर्गत कास्ट एकाउंटिंग रिकार्ड्स रूल्स और इलैक्ट्रिक मोटर उद्योग की कम्पनियां।

(ख) नीचे दिए गए प्रोजेक्टों को पूरा किया

(1) पेमेन्ट आफ बोनस एक्ट––एक एकाउन्टैंट का अध्ययन।

(2) निवेश निर्णय––कटौती प्राप्त नकदी प्रवाह तकनीक की सहायता से पूंजी बजट बनाना।

(3) एकाउन्टों में ट्रीटमेंट आफ रिटायरमैंट ग्रेच्युटी के विवरण का पुनरीक्षण।

(4) आंतरिक नियन्त्रण पर आडीटरों के विश्वास पर टिप्पणी की प्रथम किश्त।

(5) लागत और वित्तीय एकाउन्टों की समन्वित पद्धति।

(6) इंस्टीट्यूट की कौंसिल के सुझावों और विचारों को दृढ़ किया जो कि नीचे दिए गए विषयों पर सरकार को दिए गए थे।

(1) ड्राफ्ट कास्ट एकाउन्टिंग रिकार्ड्स (अल्युमिनियम) रुल्स, १९७१।

(2) रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा अबैंकिंग अवित्तीय कम्पनियों के निर्देश।

(घ) नीचे दिए गए विवरणों और अध्ययन का पुनरीक्षण

(1) कम्पनी आडिट को गाइड

(2) अवमूल्यन पर अध्ययन

(3) आडिटिंग प्रैक्टिस पर विवरण

(4) बैंकिंग कम्पनियों का आडिट।

(च) वर्तमान प्रोजैक्ट

(1) इंस्टीट्यूट द्वारा समय-समय पर सदस्यों को निर्देशन के लिए जारी की गई टिप्पणियों का हैंडबुक सीरिज में प्रकाशन

(2) एकाउन्टिंग की हाईब्रिड पद्धति

(3) दूसरे आडीटर के कार्य रिपोर्टों को प्रयोग करने में व्यवसायिक जिम्मेदारी और संयुक्त आडिट से उत्पन्न होने वाले नैतिक प्रश्न।

(4) कास्ट एकाउन्टिंग रिकार्डस (वनस्पति) रूल्स, 1972

(5) वार्षिक जनरल मीटिंग की तिथि के बाद भी आडीटर की नियुक्ति रहने के बारे ; अनुसंधान समिति के विचारों का प्रकाशन।

(6) वित्तीय विवरणों के उद्देश्य।

(7) समामेलन के मामले में फ्री रिर्जव के प्रयोग पर टिप्पणी।

(छ) अनुसंधान अनुदान

कौंसिल ने इंस्टीट्यूट के अनुसंधान और दूसरे शैक्षिक क्रियाकलापों को करने के लिए केन्द्रीय सरकार से समुचित अनुदान के लिए सम्पर्क करने का निश्चय किया है। इसने क्षेत्रीय कौंसिलों से भी कहा है कि वे अपने क्षेत्रों में शैक्षिक क्रियाकलापों, पुस्तकालय आदि के लिए अपनी आवश्यकताएं पूरा करने हेतु वित्तीय सहायता के लिए राज्य सरकारों से सम्पर्क करें। इसी प्रकार कौंसिल विशिष्ट अनुसंधान क्रियाकलापों के लिए अनुदानहेतु उद्योग से सम्पर्क करने की दिशा में भी विचार कर रही है। इस दिशा में पहले कदम के रूप में प्रत्यक्ष करों के केन्द्रीय मंडल से सम्पर्क किया गया ताकि इंस्टीट्यूट को उद्योग द्वारा दिए गए दान के लिए छूट प्राप्त करने के लिए, इनकम टैक्स एक्ट की धारा 35(1)(iii) के अन्तर्गत, इंस्टीट्यूट को मान्यता प्राप्त हो सके। यद्यपि नकारात्मक उत्तर प्राप्त हुआ है, फिर भी छूट प्राप्त करने के प्रयत्न जारी हैं।

3. कम्पनी कानून समिति

वर्ष के दौरान कम्पनी कानून समिति ने निम्नलिखित सुझावों/प्रतिवेदनों/विचारों का निरूपण किया और उन्हें सरकार/कौंसिल को प्रस्तुत किया।

[illegible] (शाखा आडिट में छूट) रूल्स, 1961 के संशोधन के लिए प्रतिवेदन जो कि विद्यमान छटों को समाप्त करने के लिए और केवल एक छूट ऐसी शाखाओं के मामलों में देने के लिए है जिनका आवर्त दो लाख रुपये अथवा कुल आवर्त के 5 प्रतिशत में से जो भी कम हो।

2. कम्पनी एक्ट की अनुसूची (6) के भाग (II) में संशोधन के लिए सुझाव जिसमें आडीटर को अन्य सेवा भुगतानों की प्रकृति के बारे में प्रकटीकरण आवश्यक है ।

3. अधिसूचना सं० जी० एस०आर० 28–1–71 सी०एल०वी (5) दिनाक 9 अक्टूबर, 1971 पर विचार—कम्पनी एक्ट को अनुसूची (6) के भाग (II) के बदलने के लिए ।

4. सरकार द्वारा सन्दर्भ पर विचार कम्पनी को निर्माण की अवधि के दौरान मूल्यह्रास के उपचार के लिए ।

कम्पनी (संशोधन) बिल 1972

कम्पनी (संशोधन) बिल, 1972 संसद में 11 अगस्त, 1972 को पेश किया गया था । बिल कम्पनी एक्ट, 1956 को विभिन्न व्यवस्थाओं में परिवर्तन करता है और उनमें से कुछ का व्यवसाय पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा । व्यवसाय को प्रभावित करने वाली महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं में से निम्नलिखित है:—

(क) धारा 224 का संशोधन जिसके अनुसार केन्द्रीय सरकार की बिना पूर्व अनुमति के रिटायर होने वाले आडीटर को पुनः नियुक्त नही किया जाएगा, यदि वह या वह फर्म जिसमें वह साझेदार है, कम्पनी का आडीटर निरन्तर तीन वित्तीय वर्षों के लिए—उस वर्ष से पूर्व तक जिसमें कि वार्षिक जनरल मीटिंग हुई हो या हुई समझी गई हो । इस संशोधन का उद्देश्य और कारण यह है कि विद्यमान प्रैक्टिस ने "आडिटरों को कुछ स्थापित फर्मों में आडिट को एकाग्र कर दिया है और इसमे आडीटरों और कम्पनियों के समूह के बीच गहरे संबंध उत्पन्न कर दिये हैं ।"

(ख) नई धारा 224 ए को इसलिए जोड़ा गया है ताकि उस कम्पनी के मामले में जिसमें सब्सक्राइब्ड शेयर पूजी के अकेले या किसी के साथ मिलकर, कम से कम 25 प्रतिशत तक लिया हो, द्वारा.—

(1) एक सार्वजनिक वित्तीय संस्था या सरकारी कम्पनी या केन्द्रीय सरकार या कोई राज्य सरकार, अथवा

(2) किसी प्रान्तीय या राज्य एक्ट द्वारा स्थापित कोई वित्तीय या अन्य संस्था, जिसमे कि राज्य सरकार के पास सब्सक्राईब्डशेयर पूंजी के 51 प्रतिशत से कम न हो, अथवा

(3) एक राष्ट्रीयकृत बैंक या बीमा कम्पनी जो कि सामान्य बीमा व्यापार करते हों,

आडीटर की नियुक्ति या पुर्ननियुक्ति का कोई प्रभाव नहीं होगा, जब तक कि केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित न हुई हो ।

(ग) धारा 233 बी के संशोधन में व्यवस्था है कि यदि केन्द्रीय सरकार का विचार है कि समुचित संख्या में कास्ट एकाउन्टेन्ट प्रैक्टिस कर रहे हैं और किसी कम्पनी के कास्ट एकाउन्टों का आडिट करने के लिए उपलब्ध हैं, तो सरकार सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा निर्देश दे सकती है कि इस और इस तारीख से जो अधिसूचना में दे गई हो, कोई भी चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट किसी भी कम्पनी के कास्ट एकाउन्टों का आडिट नहीं करेगा ।

(घ) धारा 2 (45) के संशोधन में व्यवथा है कि केवल व्यक्ति ही किसी कम्पनी के 'सेक्रेटरी' के रूप में कार्य कर सकते हैं और केन्द्रीय सरकार ऐसे सेक्रेटरी की योग्यताओं का निर्धारण करेंगे । नई धारा 383 ए के प्रस्ततीकरण द्वारा, यह व्यवस्था [illegible] प्रस्ताव है कि प्रत्येक ऐसी कम्पनी जिसकी पेड-अप पूंजी रु० 25 लाख से कम न हो, पूर्ण कालिक सेक्रेटरी रखेगी ।

(च) धारा 619 बी को इसलिए जोड़ा गया है कि धारा 619 की व्यवस्थाओं को कुछ और कम्पनियों तक बढ़ाया जाए ताकि उन्हें भी सरकारी कम्पनियों के रूप में लिया जा सके।

बिल संसद की संयुक्त समिति के पास भेज दिया गया है और संयुक्त समिति के पास उसके विचार करने के लिए एक मेमोरेण्डम भी प्रस्तुत किया जा रहा है। इंस्टीटयूट का एक प्रतिनिधिमंडल भी संयुक्त समिति के समक्ष मौखिक सप्रेषण के लिए प्रस्तुत होगा।

4. पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम

(क) सेमिनार आदि

पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम समिति ने मैनेजमैंट एकाउन्टिंग को सदस्यों व सरकार, व्यापार व उद्योग दोनों में प्रचलित करने के लिए बहुत से क्रियाकलापों को प्रस्तुत किया। वर्ष के दौरान, सदस्यों को इस क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण देने के लिए अनेक कार्यक्रम लक्षित किये गए।

अगस्त 1971 तक हुए पांच सेमीनारों के बारे में विवरण पहले ही पिछली रिपोर्ट में सम्मिलित किए जा चुके हैं। तुरन्त संदर्भ के लिए सेमीनारों के शीर्षक और तिथियां नीचे दी गई हैं।

'रैगुलेटरी एकाउन्टिंग' में 'प्रवृत्तियां' पर सेमिनार जयपुर में 8, 9, और 10 अप्रैल 1971 को हुई।

'कास्ट आडिट' पर सेमिनार कलकत्ता में 6, 7, और 8 मई 1971 को हुई।

'वित्तीय स्टेटमैन्टों का विश्लेषण' पर सेमिनार श्रीनगर में 19, 20, 21 और 22 मई 1971, को हुई।

'पूंजी निवेश आकलन' पर सेमिनार पूना में 29 और 30 मई 1971 को हुई।

'आडीटिंग में आधुनिक प्रवृत्तिया' पर सेमिनार पणजीगोवा में 19, 20 और 21 अगस्त 1971 को हुई।

इनके साथ साथ चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों के लिए जनरल मैनेजमैंट में एक मूल्य वृद्धि कार्यक्रम 16 से 20 अप्रैल, 1972 तक होटल ब्ल्यू डायमन्ड, पूना में हुआ। कार्यक्रम के उद्देश्य थे—

मैनेजमेंट के कार्यात्मक क्षेत्रों, अर्थात वित्त, विपणन, उत्पादन व कार्मिक और उनके अन्तर्सम्बन्धों में आने वाली समस्याओं के साथ भाग लेने वालों को परिचित कराना।

भाग लेने वालों को, मैनेजमेंट की उपलब्ध आधुनिक संकल्पनाओं और तकनीकों से ऐसी समस्याओं को सुझाने के लिए परिचित कराना।

केस अध्ययन विचारविमर्शों द्वारा संगठन को संपूर्ण संकल्पना के विकास, जिसमें व्यापारिक नीति और नियमित दाव पेच आते हैं।

पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क रुपये 600/ निश्चित किया गया ताकि ट्यूशन, कमरे, आहार और शिक्षण समाग्री की लागत पूरी हो सके। पाठ्यक्रम के लिए 39 भाग लेने वाले पंजीकृत किए गए। पाठ्यक्रम के लिए फैकल्टी में प्राफेसर बी०के० हेगड़े, ए० ए० करीम, एस० सी० कुच्छल और जी० आर० कुलकर्णी थे जो कि सभी इंडियन इस्टीटयूट आफ० मैनेजमैंट, अहमदाबाद के हैं।

(ख) अविछिन्न शिक्षा कार्यक्रम

अविछिन्न शिक्षा के विस्तृत कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी सदस्यों को अद्वितीय अवसर प्रदान किया गया है ताकि उन्हें ज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति के बराबर रखा जा सके। पोस्ट ग्रेजुयेट कोर्स कमेटी ने अगस्त, 1972 तक निम्नलिखित तीन सेमिनारें आयोजत कीं:

(1) बंगलौर में जून, 1972 में आयोजित "निर्णय करने के लिए लागत" पर सेमिनार।

(2) मद्रास में जुलाई 1972 में आयोजित "प्रभावी नकद प्रबन्ध" पर सेमिनार।

(3) बम्बई में अगस्त 1972 में आयोजित "बुनियादी आकड़े तैयार करने की संकल्पनाएं एव तकनीक" पर सेमिनार।

(ग) छात्रवृत्तिया

रिपोर्ट के अन्तर्गत वर्ष के दौरान, रुपये 500 प्रत्येक को छात्रवृत्ति पुस्तकें खरीदने के लिए 9 सदस्यों को प्रदान की गई। इनका भुगतान योगदान द्वारा एकत्रित कोषों और साथ ही कौसिल के कोषों से किया गया।

(घ) परीक्षा और प्रशिक्षण

जो सदस्य मई और नवम्बर 1971 को मैनेजमेंट एकाउन्टैन्सी परीक्षा (पाठ्यक्रम के भाग 1) में बैठे और उत्तीर्ण हुए, उनके विवरण परिशिष्ट (4) में दिए गए हैं।

वर्ष के अन्त मे, 30 सदस्य पाठ्यक्रम के भाग 2 के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण में जुटे थे। अपनी थीसिस की तैयारी में उनका मार्गदर्शन उद्योग में वरिष्ठ अधिकारियों और एकाउन्टैन्टों द्वारा किया जाता है।

(5) विशेषज्ञ सलाहकार समिति

1-4-1971 से 31-3-1972 तक तीन प्रश्न प्राप्त हुए जिसमें से एक का उत्तर वर्ष में ही दे दिया गया। शेष दोनों प्रश्नों पर समिति सक्रियतापूर्वक विचार कर रही है इसके साथ साथ, वर्ष के दौरान दो और पिछले प्रश्नों पर परामर्श दिया गया, जो कि 1-4-1971 से पहले प्राप्त हुए थे।

(6) रोजगार समिति

31 मार्च 1972 को रोजगार रजिस्टर में सदस्यों की संख्या 108 थी, जबकि 31 मार्च 1971 को 152 थी। रोजगार रजिस्टर में अपना नाम दर्ज कराने वाले आवेदनो की सख्या में कमी आना इस बात का संकेत है कि रोजगार स्थिति मे सुधार हुआ है।

इंस्टीट्यूट के दिसम्बर 1971 के जनरल में स्टेट बैंक द्वारा चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों की नियुक्ति के लिए अच्छे अवसरों के सबंध मे एक घोषणा प्रकाशित हुई थी। कहने की आवश्यकता नही है कि जब कभी रिक्त स्थानों की सूचना दी जाएगी तो सदस्य उपलब्ध अच्छे अवसरों का लाभ उठाएंगें।

एक दूसरी घोषणा इंस्टीट्यूट के जनवरी 1972 के जनरल में प्रकाशित हुई थी, जिसमें कि सदस्यों से वैयक्तिक आंकड़े मांगे गए थे, ताकि उन्हें इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक आफ इंडिया को अग्रेसित किया जाए, जो कि विशेषज्ञों का एक पैनल तैयार करने में लगा हुआ है और जो उनको सहायता से औद्योगिक सस्थानों के अधिकारियों के रूप में कार्य करेगे। सदस्यों में से 200 से अधिक आवेदनपत्र प्राप्त हुए और ये आगे की कारवाई के लिए इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक आफ इंडिया को भेज दिए गए।

7. टैक्सेशन

जुलाई 1971 में वित्त मत्री को वित्त (सं० 2) बिल, 1971 पर एक ज्ञापन दिया गया।

मार्च 1972 में वित्त मंत्री को एक बजट पूर्व ज्ञापन दिया गया।

नवम्बर 1971 में भारत सरकार को और टैक्सेशन कानून (संशोधन) 1971 पर बनी प्रवर समिति को एक ज्ञापन दिया गया। दिसम्बर 1971 में इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधियों द्वारा मौखिक प्रमाण भी प्रस्तुत किया गया।

नवम्बर 1971 में सेन्ट्रल सेल्सटैक्स (संशोधन) बिल 1971 पर प्रवर-समिति को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। जनवरी 1972 मे इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधियो द्वारा मौखिक प्रमाण भी प्रस्तुत किया गया।

टैक्सेशन पर चतुर्थ अखिल भारतीय सेमिनार नई दिल्ली मे 7 और 8 अप्रैल 1972 को हुआ। सेमिनार का उद्घाटन भारत सरकार के वित्त मत्री माननीय श्री वाई० बी० चव्हाण ने किया और इसमें 250 से अधिक डैलीगेटों ने भाग लिया।

सेमिनार ने, तीन तकनीकी सत्रों में, 16 निबन्ध लेखकों द्वारा प्रस्तुत किए गए निबंधों पर विचार विमर्श किया है तीनों तकनीकी सत्रो की अध्यक्षता प्रत्यक्ष करों के केन्द्रीय बोर्ड के सदस्य श्री के० ई० जानसन और एच० ए० शाह तथा प्रत्यक्ष करो के केन्द्रीय बोर्ड के अध्यक्ष श्री आर० डी० शाह द्वारा की गई।

श्री मुकुमार भट्टाचार्य और श्री पी० एम० नारियलवाला दूसरे और तीसरे तकनीकी सत्र मे उद्घोषक थे। पहले तकनीकी सत्र के उद्घोषक श्री के० पी० भार्गव अपरिहार्य कारणो से उपस्थित नहीं हो सके।

वित्त मंत्रालय मे भारत सरकार के सयुक्त सचिव श्री आई० पी० गुप्ता प्रथम तकनीकी सत्र के एक अतिथि वक्ता थे।

अध्यक्ष (श्री ए० बी० टंडन) को सरकार (प्रत्यक्ष करों के केन्द्रीय बोर्ड) द्वारा उसके द्वारा बनाए गए एक अध्ययन ग्रुप में नामजद किया गया जो कि आय और शुद्ध सम्पत्ति की पूर्तियों के वर्तमान फार्मों की परीक्षा करेगा और उन फार्मों में आवश्यक परिवर्तन से सबंधित सिफारिशें प्रस्तुत करेगा।

कौंसिल ने सरकार को प्रत्यक्ष कर जांच समिति (वांचू समिति) में दी गई विभिन्न सिफारिशों पर अपने विचार प्रस्तुत किए हैं।

8. आडिटरों को अनौचित्य पूर्ण हटाना

कौंसिल को आडीटरों के कथित अनौचित्यपूर्ण हटाए जाने के एक मामले की रिपोर्ट की गई थी जहां कि स्थगित वार्षिक जनरल मीटिंग में पारित प्रस्ताव के अनुसार विद्यमान आडीटरों को हटाया

गया और नए आडीटरों की नियुक्ति की गई थी। चूंकि बैठकों के जनरल कानून के अन्तर्गत कोई भी नया कार्य स्थगित वार्षिक जनरल मीटिंग में नहीं उठाया जा सकता और इससे भी अधिक चूंकि कम्पनी के आर्टिकल्स में विशिष्ट रूप से यह बताया गया है कि ऐसा कार्य स्थगित वार्षिक जनरल मीटिंग में लाया नहीं जा सकता, इसलिए यह निणय लिया गया कि नए आडीटरों की नियुक्ति अनियमित और अवैध है। पक्षों को इसके अनुसार सूचित कर दिया गया।

एक दूसरे मामले की रिपोर्ट मिली जहां कि कम्पनी द्वारा कम्पनीज एक्ट की धारा 225(1) के अन्तर्गत विशेष नोटिस दिए बिना विद्यमान आडीटरों के साथ-साथ संयुक्त आडीटरों के रूप में चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों की एक फर्म की नियुक्ति की गई थी। यह निणय लिया गया कि नियुक्ति वैध थी और पक्षों को इसके अनुसार सूचित कर दिया गया।

9. विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति

पिछले कुछ समय से विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति विचार कर रही है कि यह सदस्यों की अच्छी तरह से किस प्रकार सहायता कर सकती है जो कि विश्वविद्यालयों और कालेजों में प्रोफेसरों और लेक्चररों के रूप में सम्बद्ध हैं।

अध्यापन कार्यों में लगे चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों की संख्या का पता लगाने के लिए समिति द्वारा एक सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वेक्षण के परिणामस्वरूप यह सामने आया कि केवल कुछ विश्वविद्यालय ही चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों की सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। समिति को यह जान कर गहरी चिन्ता हुई कि बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय इंस्टीट्यूट की सदस्यता को, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट स्तरों पर विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए, सही योग्यता नहीं मानते। समिति ने इस मामले को विश्वविद्यालयों के साथ उठाया और लगातार प्रयत्नों के परिणामस्वरूप कुछ विश्वविद्यालयों जैसे गुजरात विश्वविद्यालय, बम्बई विश्वविद्यालय, पंजाबी विश्वविद्यालय, कर्नाटक विश्वविद्यालय और अलीगढ़ विश्वविद्यालय इंस्टीट्यूट की सदस्यता को, विश्वविद्यालयों और उनसे संबंधित कालेजों में ग्रजुएट तथा पोस्ट ग्रेजुएट स्तरों पर छात्रों को पढ़ाने के उद्देश्य के लिए, सही योग्यता के रूप में मान्यता देने के लिए राजी हो गए। समिति ने इंस्टीट्यूट की सदस्यता को मान्यता के लिए उन विश्वविद्यालयों में अपने प्रत्यन जारी रखे हुए हैं जिन्होंने अभी तक इस मामले में कोई निर्णय नहीं लिया।

पी० एच० डी० पाठ्यक्रमों के लिए सदस्यता की मान्यता

विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को पढ़ाने के लिए इंस्टीट्यूट की सदस्यता को मान्यता के अतिरिक्त, निम्नलिखित विश्वविद्यालयों ने इंस्टीट्यूट की सदस्यता को पी० एच० डी० पाठ्यक्रमों के लिए रजिस्ट्रेशन के उद्देश्य से एम० काम डिग्री के बराबर की योग्यता के रूप में विचार करने के लिए राजी हो गए है।

विश्वविद्यालय	शर्तें
1. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणासी	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट डिग्री रखने वाले चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट उस विश्वविद्यालय में वाणिज्य में पी० एच० डी० अनुसन्धान स्कालरों के रूप में उस विश्व-विद्यालय के एम० काम० डिग्री के बराबर माने जाते हैं।

विश्वविद्यालय	शर्तें
2. उदयपुर विश्वविद्यालय, उदयपुर	ग्रेजुएट जिसने इस्टीट्यूट की इन्टरमीडिएट और फाईनल परीक्षाओं को उत्तीर्ण किया है, उन्हें उदयपुर विश्वविद्यालय के एकाउन्टैन्सी और स्टैटिस्टिकस क्रम मे मास्टर आफ कामर्स के समक्ष की परीक्षा उत्तीर्ण माना जाएगा और कामर्स फैकल्टी मे एकाउन्टैन्सी और स्टेटिस्टिकस पी० एच० डी० रिसर्च स्कालरो के रूप मे नाम दज करान के लिए योग्य समझा जाता है।
3. पजाब विश्वविद्यालय, चडीगढ़	इस्टीट्यूट के वे सदस्य जो कि ग्रेजुएट है और उस विश्वविद्यालय से संबधित कालेज या विश्वविद्यालय के अध्यापम विभाग मे अध्यापन के लिए पूर्ण या अशकालिक रूप से नियुक्त है, वे विश्वविद्यालय के अनुसधान स्कालरो के रूप में नाम दर्ज कराने के योग्य है।
4. बम्बई विश्वविद्यालय, बम्बई	इस विश्वविद्यालय या उसके समकक्ष के दूसरे विश्वविद्यालय की बी० काम डिग्री रखने वाला सदस्य एक छात्र के रूप मे विश्वविद्यालय की कामर्स में पी० एच० डी० डिग्री के लिए नाम दर्ज कराने के योग्य है।
5. केरल विश्वविद्यालय, त्रिवेन्जम	चार्टर्ड एकाउन्टेट विश्वविद्यालय की कामर्स फैकल्टी के अन्तर्गत मैनेजमेंट स्टडीज में पी० एच० डी० के लिए रजिस्ट्रेशन योग्य है।
6. पजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला	चार्टर्ड एकाउन्टैन्टो को बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एव कामर्स फैकल्टी में एम० लिट/पी० एच० डी० तक अनुसधान करने की अनुमति दी जाती है, साथ ही दूसरी फैकल्टी मे उनसे संबधित विषयों में भी, बशर्ते कि वे विश्वविद्यालय की एम० लिट/पी०एच०डी० डिग्री से सबधित अध्यादेशो की दूसरी आवश्यकताओ की पूर्ति करते हो।
7. सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभविद्यानगर (गुजरात)	चार्टर्ड एकाउन्टेट विश्वविद्यालय की कामर्स फैकल्टी में पी० एच० डी० डिग्री पाठ्यक्रम मे प्रवेश के योग्य है, बशर्ते कि ऐसे आवेदनकर्ताओ के पास कामर्स में आधारभूत डिग्री हो।
8. विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।	ग्रेजुएट डिग्री रखने वाले चार्टर्ड एकाउटेन्ट विश्वविद्यालय में पी० एच० डी० में रजिस्ट्रेलन के लिए विश्वविद्यालय की एम० काम डिग्री के समकक्ष समझी जाती हैं।

विश्वविद्यालय	शर्तें
9. अलीगढ़ मस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़।	इस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट के फेलो (एफ० सी० ए०) जिनके पास साधारणतया प्रथम या द्वितीय श्रेणी में बी० काम० डिग्री हो, वे कामर्स मे डाक्टर आफ फिलॉसफी की डिग्री में प्रवेश के योग्य है, बशर्ते कि उन्होंने विभाग द्वारा आवेदनकर्ताओं के चयन के लिए किये गये आवश्यक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

10. श्री चिन्तामणि पाणिग्रही और श्री एस० सी० सामान्त द्वारा कम्पनी संशोधन बिल—सरकार को ज्ञापन

जहा तक कि चिन्तामणि पाणिग्रही के बिल का सबध है, यह पिछली ससद् मे पेश किया गया था और सरकार को उस पर एक ज्ञापन भी दिया गया था, जैसा कि पिछली रिपोर्ट मे बताया गया है। यह बिल रद्द (लैप्स) हो गया था तथा वर्तमान संसद् के सामने इसे दोबारा पेश किया गया और बिल पर एक पूरक ज्ञापन सरकार को प्रस्तुत कर दिया गया है।

यह ज्ञातव्य है कि 'अन्य बातों के साथ-साथ' यह बिल इस की व्यवस्था करता है कि कोई भी व्यक्ति एक समय में आडीटर के रूप मे पाच से अधिक कम्पनिया में नही रह सकता, जिसमें से दो से अधिक, यदि कोई हैं, पब्लिक कम्पनियों नही हो सकती।

प्रस्तुत किये गये पूरक ज्ञापन मे व्याख्या की गई है कि हालांकि कौंसिल यह मानती है कि व्यवसाय का समान विकास हासिल करने के लिए समस्त प्रयत्न किये जाने चाहिएं, लेखक द्वारा इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए सुझाए गये साधन कारण युक्त नहहै। सरकार का ध्यान कौंसिल द्वारा पारित स्वयं नियमित तरीकों पर दिलाया गया और यह कहा गया कि ये स्वयं संपूर्ति और व्यवसायिक विकास के लिए सदस्यों की इच्छा की आधिकारिक अभिव्यक्ति होने के कारण यह कारण युक्त नही होगा कि इतना शीघ्र कोई कानून बनाया जाये, जब कि कौंसिल ने स्वयं ही उपरोक्त प्रस्ताव पारित कर लिया है।

श्री एस० सी० सामन्त के दूसरे बिल में 'अन्य बातों के साथ-साथ' इस की व्यवस्था है कि कम्पनियों द्वारा आडिटरों का केवल 'चयन' किया जाए और यह कि चयन को केन्द्रीय सरकार से अनुमोदित कराना होगा।

इस बिल पर प्रस्तुत ज्ञापन मे, सरकार का इसकी ओर ध्यान दिलाया गया कि किसी स्टेटिस्टिकल या अन्य प्रमाणों का इस तर्क के समर्थन मैं, कि कम्पनियो के ऐकाउन्टों का ठीक तरह से आडिट नही होता है, के अभाव मे यह उचित नहो होगा कि एक बुद्धिमान और स्वतत्र व्यवसाय के सदस्यों की व्यवसायिक सक्षमता पर सन्देह या आरोप लगाए जाएं। सरकार को एक प्रस्ताव भेजा गया था कि यदि इस बारे में उसके पास कोई सूचना है तो उसे कौंसिल को भेज दिया जाए ताकि वह चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एक्ट की व्यवस्थाओं के अन्तर्गत उचित कार्रवाई कर सके। यह भी बताया गया कि यह प्रस्ताव आडिटरों की स्वतंत्रता का हनन करेगा और सरकारी नियुक्ति अधिकरण का अनुसेवी बना देगा, और एक सुझाव भी दिया गया कि यदि आडिटरों की स्वतंत्रता की पुष्टि का ही उद्देश्य है तो यह कम्पनी एक्ट में इस बात की व्यवस्था कर के प्राप्त किया जा सकता है कि आडिटरों की नियुक्ति

पांच वर्ष की अवधि के लिए की जाए । इस बात की ओर ध्यान दिलाया गया कि फ्रांस में आडीटरों की स्वतंत्रता की पुष्टि के लिए 6 वर्ष की अवधि के लिए उनकी नियुक्ति की जाती है । प्रस्ताव में निहित दूसरी कमियों और कठिनाइयों की ओर ध्यान दिलाया गया और यह कहा गया कि आडिटरों को अपनी इच्छानुसार नियुक्त करने का, शेयर होल्डरों का अधिकार, जो कि कम्पनियों के वास्तविक मालिक होते है, नहीं छीना जाना चाहिए ।

11. इंस्टीट्यूट का जनरल

"दि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट"

रिपोर्ट वर्ष के दौरान जनरल उपयोगिता और गुण में सुधार के लिए बहुत से कदम उठाये गये । जून 1971 में जनरल का एक विशेषांक "न्यू स्टेटेजी फॉर इकोनोमिक डवलपमेंट" की विषय वस्तु पर प्रकाशित किया गया जनरल में बहुत से नये सामिक फीचर जोड़े गये । स्वयं जनरल को भी एक नया रूप दिया गया । विज्ञापनों में वृद्धि के लिए प्रबल प्रयत्न किये गये । औसत शुद्ध खपत संख्या प्रतिमाह 12,218 प्रतियों से बढ़कर 15,201 प्रतियां हो गई है ।

12 प्रकाशन

रिपोर्ट के अन्तर्गत वर्ष के दौरान निम्नलिखित प्रकाशन प्रकाशित किये गये :—

1. आचार संहिता (कोड आफ कन्डक्ट) (परिवर्धित संस्करण)
2. अखिल भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट सम्मेलन—1969 की कार्रवाई ।
3. कम्पनीज एक्ट, 1956 के अन्तर्गत कास्ट एकाउन्टिंग रिकार्डस रूल्स, और इलैक्ट्रिकल मोटर उद्योग की कम्पनियां ।

4. अन्य विषय

1. रिव्यू कमेटी

मार्च, 1972 में हुई अपनी बैठक में, कौंसिल ने इंस्टीट्यूट की कार्य प्रणाली और व्यवसायिक समस्याओं की विस्तार पूर्वक परीक्षा करने के लिए एक रिव्यू कमेटी नियुक्त की । कमेटी में निम्नलिखित सदस्य हैं :—

1. श्री ए० बी० टंडन	चेयरमैन
2. श्री आर० के० खन्ना	वाइस चेयरमैन
3. श्री एस० के० गुप्ता	सदस्य
4. श्री एन० सी० कृष्णन्	सदस्य
5. श्री बी० एस० मेहता	सदस्य

कमेटी के संदर्भ सिद्धान्त निम्न प्रकार से हैं '—

"1. (क) सचिवालय—उसकी आन्तरिक पद्धति, बजट, आकलन, संचार निरन्तर जानकारी देना और कौंसिल और उसकी समितियों और इंस्टीट्यूट के छात्रों और सदस्य के कार्य के सामान्य गुणों में सुधार ।

(ख) कौंसिल के संचालन—उसकी आन्तरिक विचारक और निर्णय करने की प्रक्रियाओं मे, व्यवसाय में गतिशीलता और वृद्धि के विचार से सुधार ।

2. विद्यमान असंतोष, विशेषकर युवा सदस्यों में, के कारण दूर करने के लिए साधन और तरीकों को सुझाना ।

3. एक तरफ कौंसिल और दूसरी ओर इंस्टीट्यूट के सदस्यों और छात्रों के बीच अभिव्यक्ति के साधनों को सुधारना, ताकि व्यवसाय के समक्ष समस्याओं को भली प्रकार समझा जा सके ।

4. जानकारी-स्तर और शैक्षिक निवेशों में सुधार और उनकी उन्नति, ताकि कल का चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट औद्योगिक और व्यवसायिक संस्थानों और साथ ही राज्य और सरकार की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूर्णतः तैयार रहे।"

जैसा कि इस रिपोर्ट में अन्यत्र बताया गया है, कमेटी ने अपना कार्य आरम्भ कर दिया है और इंस्टीट्यूट के सभी सदस्यों को, जहां तक सन्दर्भ सिद्धान्तों की मद संख्या 2 का सबंध है, जनरल के माध्यम से एक प्रश्नावली भेज दी गई है । कमेटी अन्य मामलों पर भी विचार कर रही है ।

2. चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स एक्ट और रैगुलेशन्स

(क) कौंसिल ने श्री ए० बी० टंडन की अध्यक्षता में एक संहिताकारण समिति नियुक्त की है—चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस एक्ट, 1949 और चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस रैगुलेशन्स, 1964 की व्यवस्थाओं पर पुनर्विचार के लिए—जिसका उद्देश्य सामने आने वाली कठिनाइयों और अनुभव को दृष्टि में रखकर संशोधनों का सुझाव देना है ।

(ख) केन्द्रीय सरकार को एक सुझाव भी दिया गया है कि चार्टर्ड एकाउन्टेंटस एक्ट की धारा 5(3) में संशोधन किया जाए, ताकि उस सदस्य को फैलोशिप प्रदान की जा सके जिसने इंस्टीटयूट द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट पाठयक्रम पूर्ण कर लिया है ।

(ग) कौंसिल ने चुनाव नियमों में अनेक परिवर्तन अनुमोदित कर दिये हैं जो कि लागू किये जाने की प्रक्रिया में है । उनमें से कुछ अधिक महत्वपूर्ण , जिनमें कि सदस्य रुचि ले सकते हैं, ये हैं :—

(1) मतदाताओं की सूची निर्वाचन वर्ष की पहली अप्रैल तक की तैयार की जाएगी । (इस समय ऐसी सूची निर्वाचन वर्ष में पिछले वर्ष में अक्टूबर या नवम्बर के महीने में एक निश्चित तारीख को तैयार की जाती है)

(2) चुनाव में खड़े होने या मत देने की ग्राह्यता को फीस के भुगतान के साथ नहीं जोड़ा जाएगा और मतदाताओं की सूची में जिसका भी नाम होगा, वह इसके योग्य होगा जब तक कि उसका नाम निर्वाचन तिथि से पहले रजिस्टर में से हटा न दिया गया हो ।

(3) नगर के विभिन्न भागों में स्थित एक से अधिक बूथ वाले नगर के मामले में मतदान बूथों के पते इंस्टीट्यूट के जनरल में, मतदाता सूची के प्रकाशित होने से, दो या तीन महीने पहले प्रकाशित किये जाएंगे, और साथ में एक छिद्रित कार्ड होगा जिस पर सदस्य समय से पहले ही मतदाता बूथ के लिए अपनी प्राथमिकता बता सकेंगे । इसके साथ ही, सदस्यों को मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 15 दिनों का समय भी दिया जाएगा ताकि वे शहर के अन्दर मतदाता बूथ में परिवर्तन के लिए कह सकें ।

(घ) रैगुलेशनों में किये जाने वाले दूसरे परिवर्तनों में, वे संशोधन हैं, जोकि शिक्षा और प्रशिक्षण पर विशेष समिति की सिफारिशों को कार्य रूप दे सकें, जिसकी नियुक्ति कौंसिल द्वारा सितम्बर, 1968 में की गई थी और जिसकी रिपोर्ट कौंसिल द्वारा कुछ मामूली परिवर्तनों के साथ स्वीकार कर ली गई थी। इन सिफारिशों के मुख्य तत्व पिछली रिपोर्ट में बताए गये थे।

(च) क्षेत्रीय कौंसिल की शाखा का अधिकार क्षेत्र 10 मील की परिधि से 50 मील की परिधि तक बढ़ा देने के लिए रैगुलेशन 136 का संशोधन किया गया।

(छ) रैगुलेशन 29 में संशोधन किया जा रहा है ताकि आर्टिकल्ड क्लर्क/कलर्कों को प्रशिक्षित करने की इच्छा रखने वाले सदस्य का मुख्य व्यवसाय, न केवल एप्रैन्टिस रखने समय ही, प्रैक्टिस होना चाहिए, बल्कि प्रत्येक क्वालीफाईंग वर्षों में भी।

3 भारत में एकाउन्टेंसी व्यवसाय का इतिहास

जितना शीघ्र हो सके भारत में अकाउन्टेंसी व्यवसाय का इतिहास निकालने के प्रबल प्रयत्न जारी हैं। इतिहास के 1972 के अंत तक तैयार हो जाने की आशा है।

4. सदस्यता की पारस्परिक मान्यता

जैसा कि, पिछली रिपोर्ट में बताया गया है, इन्स्टीटयूट की सदस्यता की, पारस्परिक आधार पर मान्यता का प्रश्न अनेक विदेशी एकाउन्टेन्सी संस्थाओं के साथ उठाया गया था। इस विषय को प्रबल रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है और जैसे ही किसी एक संस्था के साथ किसी निश्चित परिणाम तक पहुंचा जाता है, हमारे जरनल में घोषणा कर दी जाएगी।

अमेरिकन इन्स्टीट्यूट आफ सर्टीफाईड पब्लिक एकाउन्टेन्ट्स के पास एप्रोच करने के साथ-साथ अमेरिका के कुछ राज्य मंडलों को भी सदस्यता की पारस्परिक मान्यता के लिए एप्रोच किया गया है।

5. बंगला देश की सहायता का प्रस्ताव

मार्च 1972 में हुई अपनी बैठक में कौंसिल ने नवोदित राष्ट्र बंगला देश के राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में अपना योगदान करने का निश्चय किया। आर्थिक विकास की प्रक्रिया में लगे किसी भी प्रजातंत्र में पब्लिक एकाउन्टेबिलिटि की सबद्धता से आशवस्त होने के कारण कौंसिल ने महसूस किया कि बंगला देश में एक संगठित रूप में एकाउन्टेन्सी व्यवसाय की स्थापना और विकास वह क्षेत्र है जहां कि कौंसिल एक मूल्य योगदान कर सकती है। इसलिए कौंसिल ने बंगला देश को सभी संभव सहायता देने का प्रस्ताव किया है यदि उसकी सरकार चार्टर्ड एकाउन्टेंटों की एक स्वायत्त इन्स्टीट्यूट स्थापित करने का निश्चय करती है और हमारी सरकार के पास इस प्रकार की सहायता के एप्रोच करती है।

6. बंगला देश सहायता कोष और राष्ट्रीय सुरक्षा कोष में दान के लिए अपील

अध्यक्ष की अपील के उत्तर में हमें बंगला देश सहायता कोष के लिए रू० 571/– की कुल राशि और राष्ट्रीय सुरक्षा कोष के लिए रू० 13,742/– की राशि प्राप्त हुई।

7 पुस्तकालय

वर्ष के दौरान नई दिल्ली में सेन्ट्रल कौंसिल पुस्तकालय में 615 पुस्तकों की वृद्धि हुई। सदस्यों और छात्रों द्वारा पुस्तकालय के प्रयोग में वृद्धि हुई जो कि निम्न आंकड़ों से स्पष्ट है।

वर्ष	उपस्थिति	परामर्श की गई पुस्तकों की संख्या
1967–68	4810	7800
1968–69	4990	8300
1969–70	5200	9000
1970–71	5500	9500
1971–72	5900	10200

इसके साथ-साथ नई दिल्ली के सेन्ट्रल कौंसिल पुस्तकालय से सदस्यों को डाक द्वारा भी पुस्तकें भेजी जाती रही है जोकि पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम के लिए तैयारी कर रहे है और दिल्ली से बाहर रहते है।

कौंसिल ने क्षेत्रीय कौंसिल पुस्तकालय के लिए पुस्तकों की खरीद के लिए 42,000/- रु० कुल राशी मंजुर की। सेन्ट्रल पुस्तकालय और क्षेत्रीय केन्द्रों में पुस्तकों की संख्या नीचे दी गई है :—

केन्द्रीय पुस्तकालय, नई दिल्ली	9727
पश्चिम भारत क्षेत्रीय कौंसिल	4008
दक्षिण भारत क्षेत्रीय कौंसिल	4428
पूर्व भारत क्षेत्रीय कौंसिल	3876

8 अन्य संस्थायों में इन्स्टीट्यूट के नामजद व्यक्ति

इन्स्टीट्यूट का निम्नलिखित बाह्य संस्थाओं में उनके सदस्यों द्वारा जिनके नाम संस्था के नाम के सामने दिये गये है प्रतिनिधित्व किया जाता है,

संस्था का नाम	प्रतिनिधि का नाम
(1)	(2)
1 दि जनरल कौंसिल आफ दि इन्स्टीट्यूट आफ एप्लाइड मैनपावर रिसर्च	श्री ए० बी० टंडन
2 दि नेशनल प्रोडक्टीविटी कौंसिल	श्री बंसी एस० मेहता
3 दि आल इण्डिया बोर्ड आफ टेक्नीकल स्टडीज इन कामर्स	श्री पी० बी० विजयराघवन

4. दि आल इण्डिया बोर्ड आफ टेक्नीकल स्टडीज इन मैनेजमेंट	श्री पी० के० मल्लिक
5. केन्द्र व राज्य सरकारों को तकनीकी और व्यवसायिक योग्यताओं की मान्यता पर सलाह देने के लिए आल इण्डिया कौंसिल फार टेक्नीकल एजूकेशन का बोर्ड आफ अप्रेसमेंट	श्री जी० साहा
6. वाणिज्यक विषयों के लिए स्टडी ग्रुप—डायरेक्टोरेट जनरल आफ एम्पलाएमेंट एण्ड ट्रेनिंग ।	श्री एस० जी० आरगाडे
7. आय और शुद्ध सम्पत्ति की रिटनों के विद्यमान फार्मों की जांच के लिए स्टडी ग्रुप	श्री ए० बी० टंडन
8. इण्डियन कौंसिल आफ सोशल साइंस रिसर्च की वाणिज्य पर स्थाई समिति	श्री एच० एम० दमानिया
9. पंच वर्षीय योजना बनाने के लिए प्रबंधकीय कार्मिकों पर वर्किंगग्रुप	श्री एच० बी० कौंडी
10. इंटर यूनीवर्सिटी बोर्ड आफ इण्डिया एण्ड लंका—विश्वविद्यालयों के लिए विनीमय प्रक्रिया की सहिती तैयार करने में सहायता देने के लिए समिति	श्री बी० आर० सल्होत्रा और श्री महेश दत्ता

9. इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सैक्रेटरीज आफ इण्डिया;—

(1) इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सैक्रेटरीज आफ इण्डिया के पास कुछ छूटों को वापस लेने के विरुद्ध एक प्रतिवेदन दिया गया, जो कि हमारे इंस्टीट्यूट के सदस्यों या जिन्होंने हमारी परीक्षाएं उत्तीर्ण की है, उन्हें पहले उपलब्ध थी, यह कहा गया कि :—

(क) जिन छात्रों ने हमारी इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें उनकी प्राथमिक परीक्षा से छूट प्रदान की जाए ।

(ख) हमारी इंस्टीट्यूट के सदस्यों/हमारी अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले व्यक्तियों को प्राथमिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं से पूर्णतः छूट दी जानी चाहिए ।

(ग) इंस्टीट्यूट के सदस्यों/हमारी अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले व्यक्तियों को भी अन्तिम परीक्षा के एडवान्स्ड एकाउन्टेन्सी मर्केन्टाईल लां, इकोनोमिक्स और कम्पनी लां एंड एम० आर० टी० पी एक्ट के पर्चों से छूट मिलनी चाहिए ।

(घ) कुछ निर्धारित कसौटियों को पूरा कर लेने पर कम्पनी सैक्रेटरीज इंस्टीट्यूट की सदस्यता के रूप में चार्टर्ड एकाउन्टेंटों/व्यक्तियों जिन्होंने हमारी अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण की है के नाम दर्ज कराने के संबंध में, नियम 6 में दी गई पहले की व्यवस्थाओं को फिर से चालू किया जाना चाहिए ।

इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सैक्रेटरीज से सदस्यता की पारस्परिक मान्यता के लिए अथवा उसके विकल्प में दोनों इंस्टीट्यूटों की परीक्षाओं के कुछ पर्चों में पारस्परिक छूट प्रदान करने के लिए एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है । यद्यपि कौंसिल सदस्यता की पारस्परिक मान्यता के पक्ष में नहीं है, इस प्रश्न का अध्ययन किया जा रहा है कि क्या कुछ परीक्षा प्रश्न पर्चों में कोई छूट दी जा सकती है ।

(2) इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सैक्रेटरीज आफ इंडिया ने अगस्त, 1971 में एक सूचना जारी की जिस में 31 दिसम्बर, 1971 तक 'अन्य बातों के साथ साथ' चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों से आवेदन पत्र मांगे गए जो कि 'आवेदन की तारीख' को पब्लिक लिमिटेड कम्पनी/अधिनियमित निगम के सैक्रेटेरियल विभाग में जिम्मेदार पद पर लगातार पांच वर्ष तक या कम्पनी सैक्रेटरी के रूप में तीन वर्ष तक कार्य करते रहे हों और उससे उस इस्टीट्यूट को कौंसिल संतुष्ट हो उनको एक प्रतिवेदन किया गया कि उन चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों का अनुभव जिन्होंने भूतकाल में निर्धारित अवधि के लिए वांछित पदों पर कार्य किया हो, केवल इस बात पर उपेक्षित नहीं किया जाना चाहिए चूंकि आवेदन की तारिख को, वे ऐसे पद पर कार्य नहीं कर रहे हैं। इस्टीट्यूट आफ कम्पनी सैक्रेटरीज से प्राप्त उत्तर बहुत सहायक न होने के कारण इस विषय को कम्पनी कार्य विभाग के साथ उठाया गया है।

(3) कौंसिल को इस्टीट्यूट के सदस्यों से उस तौर तरीके के बारे में विभिन्न प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें इस्टीट्यूट आफ कम्पनी सैक्रेटरीज की सदस्यता के लिए उपरोक्त सूचनाओं के अन्तर्गत भेजे गए आवेदन पत्रों को, उनके अनुभव पर सही ढंग से विचार किए बिना ही अस्वीकार कर दिया गया। इनमें से कुछ मामलों में, प्रभावित सदस्य प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियों में कार्य कर रहे हैं और लगता है कि उनके आवेदन पत्र इस तकनीकी बात पर अस्वीकृत कर दिए गए है कि सूचना में 'पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों' के अनुभव का हवाला है। कुछ दूसरे मामले भी है, जहां कि पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों में कार्य कर रहे और वांछित स्तर के पद रखने वाले सदस्यों का अनुभव भी बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर दिया गया।

इन सभी मामलों के संबंध में कम्पनी कार्य विभाग के साथ मामला उठाया गया है।

10. चार्टर्ड एकाउन्टेंट हितकारी कोष :

वर्ष के दौरान सदस्यों की संख्या 169 से बढ़कर 175 हो गई और रु 6,900/- की राशि का वितरण किया गया। वर्ष के अन्त में कोष के क्रेडिट में रु० 66,763/- का बैलेन्स था, जबकि पिछले वर्ष के अन्त में रु० 66,835/- था

चेयरमैन ने विभिन्न संगठनों को, जिनमें चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों ने 10 या अधिक वर्षों के लिए कार्य किया हो, इनसे निवेदन करते हुए उपयुक्त पत्र लिखे गए है कि वे चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट कर्मचारियों के संबंध में आजीवन सदस्यता शुल्क अदा करें, जिससे होने वाले लाभों से उन्हें भली प्रकार बताया गया है। आशा की जाती है कि इस अपील के अच्छे परिणाम होंगे।

11. एस० वैद्यनाथ अय्यर स्मारक कोष :

एक वर्ष के लिए रुपये 50/- प्रत्येक को दो छात्रवृत्तियां केन्द्रीय भारत क्षेत्र में सेवारत आर्टिकल्ड क्लर्कों को प्रदान की गई। इसके साथ-साथ, रुपये 50/- प्रत्येक की दो छात्रवृत्तियां भी एक वर्ष के लिए उन छात्रों को प्रदान की गईं जिन्होंने मई, 1971 में हुई इंटरमीडिएट परीक्षा में पांच पोजीशनों में एक-एक प्राप्त की थी लेकिन योग्यता व ऋण छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति पाने के योग्य नहीं थे और अन्य दो छात्रवृत्तियां उनको दी गईं जिन्होंने नवम्बर, 1971 में हुई इंटरमीडिएट परीक्षा में इसी प्रकार की पोजीशनें प्राप्त की थी।

कोष के सदस्यों की संख्या वर्ष के दौरान 33 से बढ़कर 35 हो गई । वर्ष के अन्त में कोष के क्रेडिट में रु० 23,603/- का बैलेन्स था, जबकि पिछले वर्ष के अन्त में रु० 23,745/- था चेयरमैन ने विभिन्न औद्योगिक संगठनों को, जहां कि छात्र औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, पत्र लिखे हैं, इस निवेदन के साथ कि वे कोष को वित्तीय सहायता प्रदान करें । इसका उद्देश्य उनको उनके प्रशिक्षण की बची हुई अवधि के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना है । उनके प्रशिक्षण की पूर्ति के लिए शेष महीनों की संख्या द्वारा गुणा किए गए छात्रों की संख्या द्वारा गुणा किए गए रु० 100/-, के बराबर की राशि कोष में जमा करानी होगी । चेयरमैन ने इन औद्योगिक संगठनों को यह भी सूचित किया है कि यह योजना प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों द्वारा दिए गए वचन से संबंद्ध है कि अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कम से कम दो वर्ष के लिए इन संगठनों की सेवा करेंगे जिसके लिए उन्हें उचित वेतनमान मिलेगा जो कि उस श्रेणी में मिलता है, जिसमें वे नियुक्त होंगे । आशा की जाती है कि विभिन्न औद्योगिक संगठन योजना को सफल बनाने में सहयोग देंगे ।

5. सम्मेलन

1 दसवीं अन्तर्राष्टीय कांग्रेस आफ एकाउन्टैन्ट्स

जैसा कि पिछली रिपोर्टों में उल्लिखित है, कौंसिल सिडनी, आस्ट्रेलिया में 16 मे 20 अक्टूबर, 1972 तक होने वाली दसवीं अन्तर्राष्टीय कांग्रेस आफ एकाउन्टैन्ट्स में भाग लेने के लिए एक शिष्ट-मण्डल भेज रही है । कौंसिल ने कांग्रेस के शिष्टमण्डल के लिए 76 सदस्यों का चुनाव किया था, परन्तु भारत सरकार ने रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा कराने अथवा आस्ट्रेलिया जाने तथा ठहरने का व्यय वहन करने के लिए चार से अधिक प्रतिनिधियों के लिए विदेशी मुद्रा देने की स्वीकृति प्रदान नहीं की ।

2. ग्यारहवीं अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस आफ एकाउन्टैन्ट्स :

सन् 1977 में भारत में होने वाली ग्यारहवी अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस में भाग लेने के लिए इन्स्टीट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टैन्ट्स आफ इण्डिया के साथ संयुक्त रूप से निमंत्रण दिया गया है । यदि निमंत्रण स्वीकार कर लिया गया, जिसके कि स्वीकृत कर लिए जाने की पूरी सम्भावना है, तो यह पहला अवसर होगा, जबकि कोई अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस आफ एकाउन्टैन्ट्स हमारे देश मे होगी । ऐसी आशा की जाती है कि निमंत्रण की स्वीकृति से एकाउन्टिंग व्यवसाय के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान न केवल हमारे देश में होगा, बल्कि एशियाई क्षेत्र में भी और निःसन्देह विश्व के इस भाग में एकाउन्टिंग चिन्तन और सिद्धान्त की प्रगति और विकास में एक कमी की पूर्ती होगी ।

3. एशियाई तथा प्रशान्त महासागरीय एकाउन्टैन्ट्स का सातवां सम्मेलन .

एशियाई और प्रशान्त महासागरीय एकाउन्टैन्ट्स का सातवां सम्मेलन नवम्बर, 1973 में बैंकाक (थाईलैन्ड) में होगा और इसका आयोजन इंस्टीटयूट आफ सर्टिफाइड एकाउन्टैन्ट्स एण्ड आडीटर्स आफ थाइलैन्ड द्वारा किया जा रहा है । इस सम्मेलन का उद्देश्य इस क्षेत्र की विभिन्न एकाउंटिंग व्यवसायिक संस्थाओं के अधिकारिक प्रतिनिधियों एवं प्रेक्षकों के साथ मिल कर निम्नलिखित पर विचार करना है :

(क) एकाउन्टैन्सी शिक्षण, जिसमें एकाउन्टैन्सी अनुसंधान नैतिक व्यवसायिक व्यवहार और सम्बन्धित कार्यकलापों में व्यवसायिक व्यक्तियों के लिए अविछिन्न शिक्षण सम्मिलित है, में अपने सम्बन्धित सदस्यों और उनके सम्बन्धित समुदायों को अपनी सेवाओं के विकास का साधन ।

(ख) राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर व्यवसायिक मानकों, प्रेक्टिस तथा तकनीकों के विकास के साधन ।

कौंसिल ने शिष्टमण्डल भेजने के लिए आयोजकों के इस निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है और इन्स्टीट्यूट के जरनल में अपने व्यय पर सम्मेलन में भाग लेने वाले इच्छुक सदस्यों से आवेदन आमन्त्रित करने की घोषणा की जा चुकी है ।

4. अखिल भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स सम्मेलन :—

कौंसिल ने बम्बई में 25 से 28 जनवरी, 1973 तक आगामी अखिल भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस सम्मेलन आयोजित करने का निश्चय किया है ।

एक सम्मेलन समिति का गठन किया गया है जिसमें की वर्तमान अध्यक्ष चेयरमेन होंगे तथा वर्तमान उपाध्यक्ष वाइस-चेयरमेन होंगे और कौंसिल के पश्चिम भारत क्षेत्र के सदस्य एवं पश्चिम भारत क्षेत्रीय कौंसिल के वर्तमान पदाधिकारी सदस्य के रूप में होंगे ।

इंस्टीट्यूट के जरनल में सम्मेलन सम्बन्धी घोषणा की जा चुकी है ।

6. क्षेत्रीय कौंसिलें—क्षेत्रीय कौंसिलें और उनकी शाखाएं :—

चुनाव नियमों में परिवर्तन

क्षेत्रीय कौंसिलों की शाखाओं को शासित करने वाले निर्देशों में संशोधन करके यह व्यवस्था की गई है कि प्रबन्ध समिति के सदस्यों का चुनाव हाथ उठाने के स्थान पर मतपत्र के द्वारा होगा ।

क्षेत्रीय कौंसिलें पांच क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों अर्थात पश्चिम (बम्बई), दक्षिण (मद्रास) पूर्व (कलकत्ता), मध्य (कानपुर) और उत्तर (दिल्ली) में कार्य करती रही । क्षेत्रीय कौंसिलें सक्रिय रही और उन्होंने अनेक सम्मेलन, सेमिनार, लैक्चर, स्टडी सर्किल मीटिंग आदि आयोजित की ।

